## तीन दिन पहले ही अपने पद से खदरी ने दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़ :** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग का कार्यकाल 23 मार्च को पूरा हो रहा है। चेयरमैन भोपाल सिंह खदरी पहले ही अपने पद से इस्तीफा दे चुके हैं और इस समय आयोग में तीन सदस्य ही शेष हैं। हरियाणा सरकार का भर्तियों को लेकर पूरा जोर है और अभी जेबीटी और ग्रुप सी के 56 और 57 ग्रुप का परिणाम शेष है। इन दोनों भर्तियों में काफी संख्या में पदों पर नियुक्ति होनी है। इसलिए हरियाणा सरकार की मंशा है कि पदों को जल्दी भरा जाए। बकायदा नियुक्तियों को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है, जो भी जरूरी नियुक्तियां होंगी, उसके लिए यह कमेटी सप्ताह में कम से कम से दो बार बैठक करेगी और मुख्य निर्वाचन अधिकारी को अपनी सिफारिशें भेजेगी। कर्मचारियों की नियुक्ति तत्काल आवश्यकता है तो चुनाव आयोग से अनुमति ली सकती है।

# आप-कांग्रेस के इशारे उखाड़ी मलोया वासियों के घर से मोदी परिवार की नेम प्लेटे : जितेंदरपाल मल्होत्रा

## भाजपा के प्रदेश सचिव संजीव राणा ने पुलिस को की मलोया में नेम प्लेटें उखाड़ने की शिकायत

**सुनील कुमार पांडेय**

**चंडीगढ़।** मलोया के 300 परिवारों द्वारा अपने घरों पर लगाई 'मोदी का परिवार' की नेम प्लेटें उखाड़ने से यहां स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। भाजपा ने इस घटनाक्रम का आरोप नगर निगम चंडीगढ़ पर लगाया है।वहीं इस घटना के बाद चंडीगढ़ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष जितेंदरपाल मल्होत्रा के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने थाने के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। जानकारी यह भी मिली है कि भाजपा के प्रदेश सचिव संजीव राणा ने इस संदर्भ में संबंधित थाना पुलिस को शिकायत की है और पुलिस को चेताया है कि नगर निगम की इस हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



चंडीगढ़ भाजपा के प्रभारी संजीव राणा ने इस संदर्भ में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के तंज का जवाब देते हुए मलोया वासियों ने अपने घरों पर 'मोदी का परिवार' की नेम प्लेटें लगाई थी।आज उन्हें सूचना मिली कि मलोया में जिन घरों पर यह प्लेटें लगी थी,उन्हें आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के इशारे पर नगर निगम चंडीगढ़ ने पुलिस की मदद लेकर उखाड़ दिया। राणा ने इस घटना पर

### ⏩ नेम प्लेटें तो उखाड़ दी,मगर जनता के दिल से कैसे निकाल सकोगे पीएम मोदी को : मल्होत्रा

कड़ा गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी निजी संपत्ति पर खुद की मर्जी से जिस पार्टी चाहे बैनर,झंडा या सामग्री लगा सकता है। मगर हद की बात यह है कि नगर निगम ने अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल करते हुए लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ करते हुए उनके नेता के बैनर ही उखाड़ दिए। राणा ने कहा कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस घटना की सूचना मिलते ही चंडीगढ़ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष जितेंदरपाल मल्होत्रा को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया था। यह जानकारी मिलते वह मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने इस संदर्भ में पुलिस प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों से भी बात की। उन्होंने कहा कि अभी तक सिर्फ 300-400 लोगों ने ही अपने घर के बाहर मोदी परिवार की नेम प्लेटें लगाई थी,जिसे आम आदमी पार्टी और कांग्रेस नेता सहन नहीं कर सके,लेकिन मोदी और उनके द्वारा किए गए कार्य जनता की नस नस में है। उसे वह कैसे बाहर करेंगे। विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा के प्रदेश महामंत्री हुकुम चंद,डा.बीआर अंबेडकर जिला के अध्यक्ष रवि रावत और अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के अलावा मलोया वासी मौजूद रहे।

## विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष ने की हारे का सहारा एनजीओ की यूनिफॉर्म की लॉन्चिंग



**सुनील कुमार पांडेय**

**पंचकूला :** हारे का सहारा एनजीओ द्वारा अपनी यूनिफ़ॉर्म लॉन्च करने कार्यक्रम हिपा मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र सेक्टर-25 पंचकूला के कॉन्फ्रेंस हॉल में रखा। इस कार्यक्रम में एनजीओ के अध्यक्ष मुकेश द्वारा विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष को मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। मुख्य अतिथि स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत साध्वी नीलिमा विश्वास जी ने सभी आए हुए महानुभावों को ध्यान मैडिटेशन में उतारकर की। उसके पश्चात हारे का सहारा एनजीओ की यूनिफॉर्म की लॉन्चिंग गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास व हिपा मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र के प्रधानाचार्य रामशरण ने मिलकर की।

इस मौके पर विश्वास फाउंडेशन से ऋषि सरल विश्वास व मंजुला गुलाटी भी उपस्थित रहे। एनजीओ के सभी पदाधिकारों को मौके पर आई कार्ड भी मुख्यातिथि द्वारा पहनाए गए। हारे का सहारा एनजीओ पिछले 4 महीने से लोगों को ब्लड, प्लेटलेट्स और गरीब लोगों को खाना एवं कपड़े, रोड एक्सीडेंट में 80 लोगों की जान बचा चुका है।

## राज्य में 1.48 लाख दिव्यांग मतदाता चुनेंगे अपना पंसदीदा उम्मीदवार

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व लोकसभा चुनाव-2024 को मनाने के लिए चुनाव आयोग ने दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था की गई है ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। राज्य में लगभग 1.48 लाख दिव्यांग मतदाता हैं। अग्रवाल सोमवार को सूचना, जन सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग, स्कूल शिक्षा, उच्चतर शिक्षा, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, रेड क्रॉस, लोक निर्माण इत्यादि विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पोलिंग स्टेशनों पर किए जाने वाले प्रबंधों पर समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उक्त श्रेणियों के मतदाताओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पोलिंग स्टेशनों पर रैंप, व्हील चेयर, लाने व ले जाने की व्यवस्था, मेडिकल किट इत्यादि की व्यवस्था करने के साथ-साथ एनसीसी एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों को उनकी सहायता के लिए तैनात किया जाए।

# हिमाचल महासभा ने की चंडीगढ़ में समर्पित भवन की वकालत

### प्रदेश अध्यक्ष असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस ने दिया समर्थन

**सुनील कुमार पांडेय**

**चंडीगढ़ :** आज हिमाचल महासभा के एक प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष पृथी सिंह प्रजापति के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजीव राणा के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। चंडीगढ़ के सेक्टर 28 में हिमाचल भवन में आयोजित इस बैठक में फूलों के गुलदस्ते की प्रस्तुति सहित शिष्टाचार के गर्मजोशी भरे संकेत दिए गए।



बैठक का प्राथमिक एजेंडा हिमाचल महासभा द्वारा चंडीगढ़ में अपना भवन स्थापित करने की तत्काल आवश्यकता के इर्द-गिर्द घूमता रहा। अध्यक्ष पृथ्वी सिंह प्रजापति ने शहर में समुदाय की गतिविधियों और पहलों के लिए एक समर्पित स्थान होने के महत्व को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया। सहयोग और एकजुटता की भावना में, श्री राजीव राणा ने हिमाचल महासभा के प्रयास के लिए अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया और इस उद्देश्य के लिए सक्रिय रूप से वकालत करने का वचन दिया। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वह आगामी बैठकों में इस मांग पर गहन चर्चा करेंगे और व्यक्तिगत रूप से इस मामले को हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष उठाएंगे। अध्यक्ष पृथ्वी सिंह प्रजापति ने श्री राजीव राणा को उनके आश्वासन के लिए आभार व्यक्त किया और उन्हें हिमाचल महासभा द्वारा की गई सराहनीय सामाजिक पहलों से अवगत कराया। बैठक एक सकारात्मक नोट पर संपन्न हुई, जिसमें दोनों पक्ष हिमाचली समुदाय के कल्याण और उन्नति के उद्देश्य से भविष्य के सहयोग और प्रयासों की आशा कर रहे हैं।

# साइबर ठग सगे-संबंधियों को मेडिकल एमरजेंसी के नाम पर कर रहे ठगी

## साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत डायल करें हेल्पलाइन नंबर 1930

**सुनील कुमार पांडेय**

**चंडीगढ़ :** पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि साइबर ठगों द्वारा कई बार लोगों के सगे संबंधियों को मेडिकल इमरजेंसी का हवाला देकर पैसे की मांग की जाती है ताकि वे तुरंत पैसा ट्रांसफर कर दे और इस तरह लोग घबरा कर पैसा ट्रांसफर कर देते हैं और साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं।

डीजीपी ने बताया कि साइबर अपराध हम सभी के लिए काफी चुनौतीपूर्ण है लेकिन सर्तकता से बचा जा सकता है। आज के इस डिजिटल युग में लोग अधिक से अधिक ऑनलाइन माध्यम से पैसों का लेनदेन करते हैं और यूपीआई, नेट बैंकिंग इत्यादि का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जाने वाले तरीकों का उल्लेख करते हुए बताया कि साइबर अपराधी लोगों के पास फोन करते हैं और उन्हें अलग-अलग प्रकार का लालच देकर उनके बैंक अकाउंट से राशि अपने बैंक खातों में ट्रांसफर करवा लेते हैं। कपूर ने स्पष्ट कहा



कि आमजन को किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा दिए गए लालच से अपना बचाव करना है और किसी भी व्यक्ति से ओटीपी शेयर नहीं करना है। उन्होंने कहा कि पैसा लेने के लिए कभी ओटीपी की जरूरत नहीं पड़ती बल्कि पैसा अकाउंट से बाहर निकालने के लिए ओटीपी की जरूरत पड़ती है इसलिए लोग किसी भी प्रकार के लालच में ना पड़े।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कई बार साइबर अपराधी ट्रेडिंग अथवा स्टॉक मार्केट में पैसा लगाने का प्रलोभन लोगों को देते हैं और उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप मं जोड़ लेते हैं। इन साइबर अपराधियों द्वारा फर्जी वेबसाइट बनाकर शेयर आदि की कीमतें बढ़ी हुई दर्शाई जाती हैं जिससे लोग साइबर अपराधियों के झांसे में आ जाते हैं और साइबर फ्रॉड का शिकार बनते हैं। लोगों को इस प्रकार की झांसे में नहीं आना है और सतर्क रहना है।

इसी प्रकार, साइबर अपराधियों द्वारा ट्राई की गाइडलाइंस का हवाला देते हुए फोन नंबर बंद करने का भय दिखाया जाता है और उन्हें साइबर ठगी का शिकार बनाया जाता है। इसके अलावा, साइबर अपराधियों द्वारा स्वयं को सीबीआई, ईडी तथा पुलिस का अधिकारी बताकर लोगो को एफआईआर का दिखाकर सेटल करने के लिए लाखों रुपए की मांग की जाती है जिनके झांसे में आकर लोग साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं।

## राजपूत समाज राजनीतिक हिस्सेदारी को लेकर करेगा मजबूत पैरवी : कुलदीप तंवर

### अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की मांग : जनसंख्या के आधार पर समाज को मिले राजनीतिक हिस्सेदारी

**तेजयुग न्यूज़**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह तंवर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने पर मंत्रण हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने कहा कि समाज में फैल रही कुरीतियों को समाप्त करने के साथ समाज के गरीब व असहाय लोगों के लिए राहत कोष बनाया जाएगा।



सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में युवा अहम भूमिका निभा सकते हैं, इसलिए समाज के युवाओं को जोड़कर समाज में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही जनसंख्या के आधार पर राजनीति हिस्सेदारी की मजबूती के साथ पैरवी की जाएगी। लोकसभा, राज्यसभा एवं विधानसभा में प्रतिनिधित्व को लेकर मांग उठाई जाएगी। इसके साथ ही सममाज के गौरवशाली इतिहास पर दूसरे समाजों द्वारा फैलाई जा रही भ्रंतियों व भ्रामक प्रचारों का विरोध किया जाएगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि फिल्मों और नाटकों के जरिये समाज का गलत चित्रण दिखाया जाता है, इसका भी विरोध किया जाएगा। साथ ही समाज में भ्रांतियां फैलाने वाली फिल्मों के फैक्ट चैक को लेकर कमेटी गठित की जाएगी, जो फिल्म में समाज की भूमिका और चित्रण के फैक्ट चैक करेगी।

इस अवसरपर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के उपाध्यक्ष शीशपाल सिंह, महामंत्री वीरेंद्र सिंह, प्रांतीय अध्यक्ष दलबीर सिंह चौहान, युवा प्रधान राममेहर, महिला प्रधान प्रवेश राणा, यशवीर सिंह राणा, कर्नल देवेंद्र सिंह वीरचक्र और डॉ. एनपी सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# हरियाणा में जेपी नड्डा आज करेंगे लोकसभा चुनाव का शंखनाद

**सुनील कुमार पांडेय**

**चंडीगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मंगलवार को करनाल में लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सांसद संजय भाटिया, विधायक हरविन्द्र कल्याण, जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा समेत तमाम पार्टी के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव ने बताया कि आचार संहिता लगने के बाद पहली बार लोकसभा चुनाव का आगाज करने राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा हरियाणा आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य अतिथि के रूप में नड्डा मंगलवार को 11 बजे घरौंडा अनाज मंडी में करनाल लोकसभा के कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करेंगे।



मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव ने बताया कि मोदी सरकार ने 10 सालों में सकारात्मक बदलाव करते हुए देश और प्रदेश को विकास की गति पर तेजी से बढ़ाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने निर्णयों के जरिए गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए कृत संकल्प होकर काम किया है। हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 9 सालों में ईमानदार प्रयास करते हुए हरियाणा को विकसित राज्य बनाने की दिशा में तेजी से आगे लेकर गए हैं।

जवाहर यादव ने बताया कि दस सालों में मोदी सरकार की नीतियों के कारण गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के जीवन में जो बदलाव आए हैं उनके बारे में कार्यकर्ताओं से राष्ट्रीय अध्यक्ष चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने जो-जो वादे किए थे उन्हें पूरा किया है। अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य और दिव्य मंदिर बना है। जम्मू कश्मीर से धारा-370 हटाई है। उज्जवला योजना से महिलाओं को धूआं से मुक्ति मिली है। गरीब परिवारों को पक्का मकान, हर घर नल से जल मोदी सरकार में संभव हो पाया है।

जवाहर यादव ने कहा कि दस सालों में देश की सांस्कृतिक विकास विरासत और संस्कृति का उत्थान हुआ है। पूरे विश्व में मोदी के नेतृत्व में भारत का मान और सम्मान बढ़ा है। यादव ने बताया कि मोदी सरकार द्वारा दस सालों में किए गए उल्लेखीय कार्यों और उपलब्धियों को लेकर भी राष्ट्रीय अध्यक्ष अपनी बात रखेंगे।

जवाहर यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 9 सालों में हरियाणा में व्यवस्था परिवर्तन किया है। बिना भेदभाव के पूरे प्रदेश में विकास किया और युवाओं को बिना पर्ची और खर्ची के योग्यता के आधार पर नौकरियां मिली हैं। 14 फसलें एमएसपी पर खरीदने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बना है। श्री यादव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा डबल इंजन की सरकार द्वारा कराए गए कामों के जरिए जनता के बीच जाने के लिए कार्यकर्ताओं प्रोत्साहित करेंगे और नई उर्जा का संचार करेंगे।

# कैबिनेट मंत्री कंवरपाल की अध्यक्षता वाली कमेटी करेगी एचएसएससी चेयरमैन

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पूर्व एचएसएससी चेयरमैन खदरी से की मुलाकात

**सुनील कुमार पांडेय**

**चंडीगढ़ :** प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सैनी की नियुक्ति के बाद चेयरमैन पद से इस्तीफा देने का दौर जारी है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन भोपाल सिंह खदरी के इस्तीफा देने से नए चेयरमैन की नियुक्ति को लेकर कवायद शुरू हो गई है। हरियाणा में कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय हरियाणा कर्मचारी आयोग का नए सिरे से गठन करेगी। 16 मार्च को आचार संहिता लगने से पहले ही सरकार की तरफ से यह कमेटी गठित की जा चुकी है।

इनमें मंत्री के अलावा, मुख्य सचिव और एआर सदस्य के तौर पर शामिल हैं। खास बात ये है कि आचार संहिता से पहले ही सरकार की तरफ से सभी 6 मंडल आयुक्तों से सिफारिशें भी मांग चुके हैं। अब मंडल आयुक्तों के पास जो आवेदन आएंगे, उनमें से सभी मंडल आयुक्त 5-5 लोगों के पैनल सरकार के पास भेजेंगे। इसके बाद कमेटी चेयरमैन समेत 6 नए सदस्यों को लेकर फैसला करेंगे। हालांकि, गठन से पहले सरकार चुनाव आयोग की राय लेगी। इसके बाद ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। चेयरमैन और सदस्य बनने के लिए भाजपा और आरएसएस संगठन से जुड़े नेता और कार्यकर्ता जबरदस्त लाबिंग में जुट गए हैं। पुराने मुख्यमंत्री से लेकर नए मुख्यमंत्री नायब सैनी के यहां हाजिरी शुरू हो गई है। इनके अलावा, कुछ लोग दिल्ली हाईकमान तक अपनी सिफारिश लगा रहे हैं। देखना यह है कि सैनी सरकार ने किसको यह मौका मिलता है।

### खदरी के घर पहुंचे सीएम सैनी, एक घंटा मंथन

चेयरमैन पद से इस्तीफा दे चुके भोपाल सिंह खदरी पंचकूला स्थित आवास पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहुंचे। इस दौरान आयोग के सदस्य कंवलजीत सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने दोनों के साथ भर्तियों और लंबित भर्तियों को लेकर मंथन किया। करीब एक घंटे तक मुख्यमंत्री यहां पर रहे। बता दें कि नायब सैनी और भोपाल सिंह संगठन के समय के दोस्त हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा बीसी ए को दे राजनीतिक भागेदारी, लोकसभा में दी जाए 2 सीटें : अनिल बात्ता

*नायब सैनी को सीएम बनाये जाने पर भाजपा युवा नेता ने जताया आभार*



**कैथल (कृष्ण प्रजापति) :** पिछले कुछ समय से ओबीसी समाज के संगठनों के पदाधिकारियों की मांग है कि समुदाय के लोगों को हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों में से कम से कम 25 मिलें। युवा भाजपा नेता अनिल कुमार बात्ता ने कहा कि हरियाणा में ओबीसी समुदाय के काफी वोट बैंक होने के बावजूद समाज के लोगों को उस लिहाज से टिकट नहीं दी जाती और अबकी बार लोकसभा की 10 में से 2 और विधानसभा की 90 में से कम से कम 25 सीट ओबीसी समुदाय के लोगों को दी जाए, ताकि उनको उनका हक मिल सके। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांग को पूरा नहीं किया जाता तब तक यह लड़ाई जारी रखेंगे। युवा भाजपा नेता अनिल कुमार बात्ता हालांकि हरियाणा में जातिगत जनगणना तो नहीं हुई, लेकिन पिछले साल सरकार ने पीपीपी आधार पर वर्ग विशेष को लेकर 72 लाख परिवारों में से 68 लाख के आंकड़े जारी किए थे। पिछले साल परिवार पहचान पत्र स्कीम के तहत सामान्य, एससी, बीसी और बैकवर्ड क्लास के परिवारों के आंकड़े जरूर सामने आए हैं। हरियाणा में एससी व बीसी वर्ग की बात करें तो कुल जनसंख्या का ये करीब 51 फीसदी है। पीपीपी के आधार पर प्रदेश की कुल संख्या 2 करोड़ 83 लाख है। बीसी ए वर्ग के लोगों की संख्या 4793312 है, जो कुल जनसंख्या का 16.93 फीसदी हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से हरियाणा में जातीय जनगणना की मांग उठती रही है। नवंबर 2023 में हरियाणा में ओबीसी समाज के नुमाइंदों ने जातीय जनगणना नहीं करवाने को लेकर सरकार को घेरने का काम भी किया है। अनिल बात्ता ने कहा कि उन्हें भाजपा पर विश्वास है कि वे बीसी ए को भी राजनीति में भागेदारी देते हुए 2 लोकसभा सीटें अवश्य देगी। उन्होंने नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाये जाने पर भाजपा सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार जिस प्रकार बीसी बी को राजनीतिक भागेदारी दे रही है उसी तर्ज पर बीसी ए को भी राजनीतिक भागेदारी जरूर देगी।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की नवनिर्वाचित टीम ने संजय टंडन से की मुलाकात



**चंडीगढ़/सुनील कुमार पांडेय :** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया (चंडीगढ़ शाखा) की नवनिर्वाचित टीम ने भाजपा के वरिष्ठ नेता हिमाचल के सह प्रभारी व चंडीगढ़ भाजपा के पूर्व प्रदेशअध्यक्ष संजय टंडन से मुलाकात की। मुलाकात करने वालो में सीए अभिषेक एस चौहान (अध्यक्ष), सीए प्रोमोद कुमार वत्स (उपाध्यक्ष), सीए विशाल पुरी (निवर्तमान पूर्व अध्यक्ष), सीए नवजोत सिंह (कोषाध्यक्ष), एवं राकेश कुमार (शाखा प्रभारी) शामिल थे। इस अवसर पर संजय टंडन ने नई टीम को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और आगे कैसे बढ़ना है और संस्थान को उच्च स्तर पर कैसे ले जाना है, इस पर संक्षिप्त चर्चा की।

### चंडीगढ़ सेक्टर 17 में कभी भी हो सकता है हादसा म्युनिसिपल कॉरपोरेशन बेखबर



**चंडीगढ़/सुनील कुमार पांडेय :** चंडीगढ़ सेक्टर 17 में पुरानी बिल्डिंग जिस पिलर पर खड़ी है। वह पिलर कभी भी टूट सकता है। और बड़ा हादसा हो सकता है। लेकिन म्युनिसिपल कॉरपोरेशन या तो देखना नहीं चाहता, या देखकर भी अनदेखा कर देता है। या हादसे का इंतजार कर रहा है। आम जनता का आरोप है । क्या मुंशीपाल कॉरपोरेशन हादसा होने पर , इस बिल्डिंग के पिलर को ठीक करायेगी , यह परेशानी सिर्फ जनता को देखती हैं । म्युनिसिपल कॉरपोरेशन में बैठे हुए ऑफिसर आते हैं। टाइम पास करते हैं ।और चले जाते । लेकिन ऐसे पिलर उनको दिखाई नहीं देते।

### चंडीगढ़ में हेरिटेज हुए नदारत चंडीगढ़ प्रशासन को नहीं है इनका ध्यान



**चंडीगढ़/सुनील कुमार पांडेय :** चंडीगढ़ में आज हेरिटेज धूल फांक रहे हैं। एवं प्रशासन के अधिकारी मौज कर रहे हैं। सिर्फ हाजिरी लगती है । लेकिन शायद हेरिटेज उनके ध्यान में आता ही नहीं, या शायद इसके मेंटेनेंस में पैसे कम बचते होंगे । इसलिए यह हेरिटेज वैसे ही पड़े हैं ।उनकी मेंटेनेंस पर प्रशासन कोई ध्यान नहीं देता है ।क्योंकि शायद इसका मेंटेनेंस करके कमीशन कम बचत होगा ।यह चंडीगढ़ की आम जनता का आरोप है । सेक्टर 17 चंडीगढ़ का पर्यटक सेक्टर है । लेकिन यहां पर हेरिटेज की स्थिति बहुत ही बेकार है । लेकिन चंडीगढ़ म्युनिसिपल कॉरपोरेशन मूक दर्शक है । यह पर्यटक का ध्यान नहीं देना चाहती। इसीलिए हेरिटेज आज आखिरी सांस ले रहे हैं।

### रक्त दुनिया के किसी कारखानें में नहीं बल्कि व्यक्ति के शरीर मे ही बनता है : डॉ. पवन सैनी




**चंडीगढ़ :** ग्राम पंचायत चकचानपुर द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से गांव के सामुदायिक केन्द्र में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ लाडवा के पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने किया व शिविर की अध्यक्षता गांव के सरपंच राकेश सैनी ने की। इस रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया जिसमें 53 युनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर रेडक्रास कुरुक्षेत्र की टीम ने युवाओं से रक्त एकत्रित किया और रक्तदाताओं को डॉ. पवन सैनी ने बैज लगाकर सम्मानित किया। इस रक्तदान शिविर में बोलते हुए डॉ. पवन सैनी ने कहा कि रक्त दुनिया के किसी कारखानें मे नहीं बल्कि व्यक्ति के शरीर मे ही बनता है जिसे हम सब को मानवता के हित में अधिक से अधिक दान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से व्यक्ति को कोई फर्क नहीं पड़ता है परंतु उसके द्वारा दान में दिए गए रक्त से दूसरे व्यक्ति का अमूल्य जीवन बच जाता है। उन्होंने कहा कि रक्त का दान करना बड़ा ही पुण्य का कार्य है जिसको करने से व्यक्ति को कभी भी पीछे नहीं हटना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने वाले व्यक्ति का रक्त भी मात्र 24 घंटे में ही पुरा हो जाता है और वह अनेक बीमारियों से भी बचा रहता है।